>

Title: Regarding the need to issue a proposal to thank those who are giving helping hands during Coronavirus Pandemic

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): अध्यक्ष महोदय, इस समय कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप बुरी तरह से है, जिससे140 से ज्यादा देश प्रभावित हैं। करीब 2 लाख के लगभग संदिग्ध मरीज़ों की संख्या है और 7.5 हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु इसके कारण हो चुकी है।

हमारे देश में एक बड़ी जनसंख्या 130 करोड़ की है, हमारी सरकार ने इस वायरस पर नियंत्रण रखा है। अभी तक लगभग 140 लोग हमारे यहां संदिग्ध मिले हैं और केवल 3 कैजुअलिटी हुई हैं। यह जो बीमारी है, इसके बढ़ने के आसार हैं। इसके नियंत्रण के लिए और भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से इस सफलता के लिए जहां हमारे प्रधान मंत्री जी, स्वास्थ्य मंत्री जी और विदेश मंत्री जी का योगदान है, वहीं मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे देश के डॉक्टर, नर्स और उनसे संबंधित जो स्टाफ था, उसने अपने स्वास्थ्य की चिंता न करते हुए, इसमें सहभाग किया है और इस देश में यह रोग न फैलने पाए, इसके लिए उन्होंने पूरे समर्पण भाव से काम किया है। हमारे एयरलाइंस के बहुत सारे पायलट्स थे और उनका जो सपोर्टिंग था, उन सब लोगों ने दूसरे देशों में जाकर अपनी चिंता न करते हुए, हमारे देश और दूसरे देश के लोगों को सुरक्षित पहुंचाने का काम किया है। इसके साथ-साथ में मैं आपके माध्यम से हमारा जो प्रिंट मीडिया और इलैक्ट्रोनिक मीडिया है, उसने भी हमारे देश में इस रोग से हम कैसे बच सकें, इसके लिए जागरूकता फैलाने के लिए बहुत ही अच्छा योगदान दिया है।

मैं चाहता हूं कि सदन के माध्यम से ऐसे सब लोगों, जिन्होंने यह प्रयास किया कि हमारे देश में कोरोना वायरस का प्रकोप बुरी तरह से न फैल सके, उसके लिए धन्यवाद देने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री गोपाल शेट्टी और श्री सी.पी. जोशी को श्री अजय कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।